## खबर संक्षेप

### 148वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान ने महिला को किया रक्तदान



**मण्डला।** 148वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा कमांडेन्ट श्री विक्रांत सारंगपाणि के निर्देशन में जिले के जरूरतमंदों की नियमित रूप से सहायता की जा रही है, इसी तारतम्य में ग्राम उमरिया, नैनपुर, जिला मण्डला निवासी श्रुति सरोते पति सुबोध सरोते, उम्र-28 वर्ष को प्रसव के उपरांत 'ए पॉजिटिव' रक्त की आवश्यकता होने पर जिला चिकित्सालय मण्डला द्वारा 'ए पॉजिटिव' रक्त चढ़ाने की सलाह दी गई किन्तु ब्लड बैंक में 'ए पॉजिटिव' रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण 148वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से संपर्क किया गया। जिस पर वाहिनी में तैनात सिपाही अशोक कुमार ने द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचकर दिनांक 28/11/2025 को एक यूनिट 'ए पॉजिटिव' रक्त रक्तदान किया तथा उन्होंने आम जन-मानस को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित भी किया, साथ ही संदेश दिया कि रक्तदान करने से स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

### ग्राम पंचायत बोरिया में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक से प्रोफेसर का दौरा

**मण्डला।** ग्राम पंचायत बोरिया में 29/ 11/ 2025 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक से प्रोफेसर सौभाग्य रंजन द्वारा मध्य प्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार) अधिनियम 2022 के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली गई एवं आदिवासी समुदाय के पारंपरिक भाषा बोली रीति रिवाज रहन-सहन खान पान गांव में होने वाले पारंपरिक त्योहार संस्कृत एवं ग्राम सभा के महत्व पर चर्चा की गई। जिसमें उपस्थित पेसा अध्यक्ष बोरिया प्रदीप कुसरो, पेसा अध्यक्ष बाजा गणेश प्रसाद उईके, जिला समन्वय अधिकारी मंडला सुरेंद्र कुशराम, जनपद पंचायत मंडला पेसा समन्वय अधिकारी खेमराज मलगाम, सुखतारा पेसा समिति सदस्य दिनेश पटेल, ग्राम पंचायत बोरिया सचिव श्रीमती दीपिका जांघेल, रोजगार सहायक प्रकाश सिंगौर, मोबिलाइजर रागनी सिंगौर, एवं समिति सदस्य अरविंद सिंगौर, अनिल सिंगौर, अमर सिंह धुर्वे, मनोहर मार्शकोले, श्रीमती भगवती मर्सकोले एवं पौड़ी महाराजपुर सेक्टर समस्त मोबाइलेजर राहुल मार्शकोले, राम मरावी, नेहा हरदहा, अनीता कुशराम सभी की उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण, मुरूम के अवैध खनन पर प्रतिबंध, मादक पदार्थ बनाने पर प्रतिबंध, शासकीय तालाबों से जल संसाधन समिति सदस्यों को रोजगार के अवसर दिए गए।

## खालिद गैंग का पर्दाफाश, मास्टर माइंड सहित 3 गिरफ्तार

# सराफा दुकान की लूट के आरोपी गिरफ्तार





*** कार के रिकॉर्ड से पहुंचे आरोपियों तक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में 20 नवंबर की शाम कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कटरा स्थित आयुषी ज्वेलर्स (आयुषी ज्वेलर्स/आयुषी ज्वेलर्स के रूप में प्रचलित) में हुए 2 करोड़ शरुपये से अधिक मूल्य के सोना-चांदी लूटकांड का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है।

गुरुवार देर रात मध्यप्रदेश पुलिस ने मुजफ्फरपुर पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी कर बिहार के अलग-। अलग थाना क्षेत्रों से तीन शातिर आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। पारू के ग्यासपुर निवासी कृष्णा कुमार सिंह ने स्वीकार किया कि गोली उसी ने चलाई थी। उसने पुलिस को बताया कि मो. खालिद ने मंडला की ज्वेलरी दुकान में 2से 2.5 स किलो सोना होने की जानकारी देते हुए लूट की योजना बनाई थी। 17 नवंबर को तीनों में मास्टरमाइंड के रूप में सामने आए बरूराज थाना , अंतर्गत रामपुरवा अखाड़ा, रामपुरवा अखाड़ा निवासी आरोपी मंडला पहुंचे और यहां मो. खालिद को गिरफ्तार किया गया। स्थानीय शातिर पंकज ठाकुर, वहीं सदर थाना क्षेत्र अतरदह वार्ड 31, मुजफ्फरपुर निवासी शशि कुमार और पारू थाना के ग्यासपुर निवासी कृष्णा कुमार सिंह को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल मास्टरमाइंड मो. खालिद की कार भी जब्त कर ली है। तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी कब्जे में लेकर डिजिटल सुराग जुटाए जा रहे हैं। शुक्रवार को कोतवाली थाना मंडला के कोतवाली निरीक्षक शफीक खान ने आरोपियों को 48 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर लेने के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया।

व्यवसायी को गोली मारकर दिया था घटना को अंजाम। 20 नवंबर की 7 शाम लगभग 7.15 से 7.30 बजे के बीच कर्मचारी बॉबी यादव सोना चांदी से भरा बैग कार में रख रहा था, तभी बदमाशों ने हथियार के बल पर बैग छीन लिया। दुकान के अंदर घुसे आरोपी ने व्यवसायी आयुष सोनी से जेवर निकालने को कहा। विरोध करने 7 पर बदमाशों ने आयुष के पैर में गोली लघुश, शनि और अजहर सहित अन्य साथियों से मुलाकात कर योजना को अंतिम रूप दिया गया।

सीसीटीवी फुटेज से मिला कार का सुराग । घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल टावर डंप के जरिये दो संदिग्ध कारों को चिन्हित किया था। टोल प्लाजा के फुटेज से कार मालिकों का रिकॉर्ड खंगाला गया, जिसके आधार पर पुलिस सीधे मास्टरमाइंड मो. खालिद तक पहुंची। उसकी गिरफ्तारी के बाद अन्य दोनों आरोपियों की पहचान और धरपकड़ संभव हो सकी। सोना-चांदी की बरामदगी के लिए दबिश जारी। पुलिस लूटे गए आभूषणों की बरामदगी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मामले में और भी आरोपियों तथा मददगारों की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आभूषणों सहित अन्य सुराग भी सामने लाए।



## कड़कड़ाती ठंड में अलाव व्यवस्था सिर्फ खानापूर्ति-क्षेत्रीय लोगों में रोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**जिले में इन दिनों कड़कड़ाती ठंड का प्रकोप जारी है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा चिन्हित चौराहों पर लोगों को राहत देने के लिए अलाव की व्यवस्था की जाती है। इस वर्ष भी अलाव लगाए तो गए हैं, किन्तु उनकी स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है।**

जानकारी के अनुसार महाराजपुर संगम चौराहा (बजरंग चौक) में नगर पालिका द्वारा अलाव तो लगाया गया है, लेकिन उसमें नाममात्र की लकड़ी डालकर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। इससे स्थानीय लोगों में नाराज़गी व चर्चा का माहौल बना हुआ है।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यह चौराहा मां नर्मदा संगम में स्नान करने आने वाले भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में इस स्थान पर पर्याप्त मात्रा में लकड़ी उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि लोग ठंड से बच सकें।

स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि यदि अलाव संचालन की व्यवस्था की जा रही है, तो उसे सिर्फ कागज़ी न रखकर वास्तविक रूप से उपयोगी बनाया जाए और पर्याप्त लकड़ी उपलब्ध कराई जाए।

## नगर में बने व्यवस्थित ऑटो स्टैण्ड



**भुआबिछिया।** नगर परिषद क्षेत्र में सैकड़ों ऑटो का संचालन नगर सहित आस पास ग्रामों में सवारी ओर समान ढोने का कार्य करती है उन सभी ऑटो के संचालन के लिए नगर के पास एक भी समुचित स्टैंड ऑटो के लिए नहीं आस पास की जितनी भी ऑटो है सभी बिछिया नगर में ऑटो स्टेंड की व्यवस्था न होने से सभी ऑटो वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग में खड़े रहते हैं जिससे आम जनों को आवागमन में परेशानी होती है, साथ ही दुर्घटना होने की पूरी संभावना बनी रहती है। सुबह और शाम स्कूली बच्चों तथा छात्रों का भी राजमार्ग से आना जाना होता है जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग में ऑटो वाहन खड़े रहने से उन्हें भी परेशानी होती है और कभी भी किसी भी प्रकार की वाहन दुर्घटना संबंधी अनहोनी होने की पूरी संभावना बनी रहती है। इस समस्या पर नगर परिषद प्रशाशन की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति द्वारा किया गया वृहद वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मानव सभ्यता वा संस्कृति के विकास, राष्ट्र की प्रगति एवं खुशहाली में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।सृष्टि की रचना जल, अग्नि, वायु, आकाश, पृथ्वी इन पांच तत्वों से हुई है ये सब प्रकृति के अनमोल उपहार है, इनका संतुलन भी आवश्यक है बढ़ते हुए प्रदूषण से इनका संतुलन बिगड़ गया है जिससे खुशहाली बदहाली की ओर जा रही है।आइए हम सब मिलकर हरियाली ला कर खुशहाली बढ़ाएं। यदि हम प्राकृतिक संसाधनों सरंक्षण के लिए समुचित कदम उठाएं तो अपने बच्चों को बेहतर भविष्य दे सकते है। हमे प्रकृति की रक्षा कर समृद्ध एवं उन्नति शील, स्वच्छ, स्वस्थ भारत का निर्माण करना है।

18 नवंबर को सदगुरू बाबा ईश्वरशाह जी का प्राकट्य दिवस है इस पावन अवसर को यादगार बनाने हेतु हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा मंडला द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें शहर के प्रबुद्ध वर्ग महिलाएं पुरुष बच्चे सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मंडला स्थित हरे माधव ध्यान वाटिका में हरे माधव अरदास, कीर्तन, वृक्षारोपण, भंडारा का भव्य आयोजन किया गया।

वृक्षों से ही वसुंधरा मनोरम वा सुहानी होगी यही नेक संदेश प्रभु सदगुरू बाबा ईश्वर शाह जी प्रेरणा से प्राप्त हुआ है। जिसे हम शिरोधार्य करते है।

**आक्रोश** | **सहायक संचालक ने अमर बलिदानियो को बोले अपमान जनक शब्द।**

# कार्यवाही न होने पर अभाविप कार्यकर्ताओं में आक्रोश

*** वरिष्ठ अधिकारी को हटाये जाने की है मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर



जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ सहायक संचालक माखन सिंह सेंद्राम द्वारा अमर बलिदानियों के अपमान जनक टिप्पणी करने के विरोध में दिनांक 27 नवंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला मंडला के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में घेराव व पुतला दहन किया गया पश्चात विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता देर रात्रि तक कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे और कलेक्टर से मांग की गई है कि महापुरुषों के अपमान पर इनके ऊपर कठोर कानूनी वा विभागीय कार्यवाही की जाए। इन्हें तत्काल प्रभाव से इनके पदभार से मुक्त किया जाए। इनकी संपूर्ण संपति की जांच करवाई जाए। अभाविप के द्वारा कहा गया कि ये कोई शहीदों का नहीं वरन पूरे देश के शहीदों का अपमान है। इस पर प्रशासन द्वारा आश्वासन देने आए अधिकारी को कार्यकर्ताओं द्वारा 24 घंटे का समय देकर धरना आंदोलन स्थगित किया गया ओर चेतावनी दी गई कि अगर 24 घंटे में मांग पूरी नहीं होती तो मंडला विभाग के सभी इकाई में आंदोलन पुतला दहन होगा वहीं कार्यवाही न होने की स्तिथि में गुस्साए कार्यकर्ताओ ने आज दिनांक 29 नवंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नैनपुर के द्वारा प्रदर्शन किया गया और कलेक्टर के नाम नैनपुर एस डी एम को ज्ञापन देकर माखन सिंह सेंद्राम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिए गए ज्ञापन के माध्यम से बताया है संदीपनी विद्यालय के निवास में सहायक संचालक माखन सिंह सेंद्राम के द्वारा 26 नवंबर को दौरा किया गया था। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस के खिलाफ अपमानजनक. शब्दों का प्रयोग किया गया है।

### वीडियो हुआ था बहुप्रसारित

इंटरनेट मीडिया में बहुप्रसारित वीडियो में संदीपनि विद्यालय, निवास में सहायक संचालक के द्वारा शहीदों के लिए गर्म दिमाग वाले और ज्यादा उचकने वाला बताया था। इस तरह के कथन को अनुचित बताया गया और उनकी निंदा की गई। गुरूवार को अभाविप के द्वारा दिनांक 27 को जिला मुख्यालय में देर रात्रि धरना प्रदर्शन किया गया और इस तरह के कथन की निदां की गई। अभाविप परिषद द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को हटाए जाने की मांग रखी गई। जिस पर जिला शिक्षा अधिकरी मुन्नी वरकड़े ने कहा कि आप लोगों के द्वारा जानकारी दी गई है, वरष्ठि कार्यालय को जानकारी दी जाएगी, इसकी जांच कराई जाएंगी। जो भी निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति धानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेपनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्सिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजीव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाशप्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### चाचा ने भतीजे से की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपसथ ग्राम सहावन टोला निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसने अपने चाचा शंकर पिता बाबू पारधी से बोला की जीमन मे से आधा एकड़ पांच डिस्थिमल जमीन मेरे नाम कर दो तुमने तुम्हारी जमीन बच दी गई है। इसी बात को लेकर चाचा द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करने लगा। इसी दौरान जब प्रार्थी की पत्नी बीच बचाव करने के लिये पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### गाली देने से रोका तो डंडा मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर की एमपीईबी कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पडौस गुलाब पाली रहता है जो आटो चलाता है। वह आये दिन घर के सामने गाली गलौच करता रहता है। इसी प्रकार से जब बीते हुये दिवस प्रार्थी के घर के सामने गाली गलौच कर रहा था तो प्रार्थी द्वारा इस तरह घर के सामने गाली बकने से रोके जाने की बात को लेकर आरोपी द्वारा प्रार्थी को भी गंदी गंदी गालिया देते हुये डंडे से मारपीट की गई। आवाज सुनकर आरोपी का दामाद धन्नू पाली भी आ गया। इस दौरान प्रार्थी की पत्नी बीच बचाव करने के लिये आई तो दोनों ने मिलकर उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### सेना में कार्यरत युवक से की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर की पलोड़ कालोनी निवासी तथा वायु सेना में पदस्थ एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका महाकाल चौराहा के पास निरंजन वार्ड में उसकी माँ के नाम पर एक प्लाट है जिस पर काम चलने के दौरान जब प्रार्थी देखने गया तो वहां पर सुरेश उर्फ गुड्डू कोरी नामक युवक आया और बोला की यह मेरा प्लाट है इस पर कोई काम नही होना चाहिये। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा प्रार्थी के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### उधारी के पैसों को लेकर मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये शिवाजी वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह पुराने बस स्टेन्ड के पास एक कपड़ा दुकान पर काम कर रहा था उसी दौरान राहुल सोनी नामक युवक आया और प्रार्थी को दुकान से बुलाते हुये पैसों के लेन देन की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ग्रामीण दूध विक्रेता से की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम केकरा निवासी एक दूध विक्रय करने वाले व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गाडरवारा से दूध विक्रय करने के बाद घर जा रहा था उसी दौरान रेलवे टंगना पुल के पास मुल्लम कौरव व संदीप कहार आपस में बाते कर रहे थें। प्रार्थी की उनसे जान पहचान होने के चलते उसने बोला क्यों भाई क्या हो रहा है। इसी बात को लेकर संदीप कहार द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई।

# एनटीपीसी से निकलने वाली राख मचा रही मौत का तांडवः पहाड़ के रूप में एकत्र की गई राख धसकने से दबे दो लोगों में एक की हुई मौत, परिजनों ने मुआवजे के लिये किया हंगामा





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

समीपस्थ एनटीपीसी क्षेत्र में जिस तरह मौतों का मंजर देखने मिल रहा है उसके चलते क्षेत्रवासियों में दहशत का महौल दिखाई देने लगा है। क्योंकि इस क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर जिस प्रकार से अलग अलग तीन मौत होने के चलते क्षेत्रवासी दहशत में दिखाई देने लगे है। बताया जाता है कि बीते हुये दो दिन पहले एनटीपीसी में एकत्र होने वाली राख काटे के पास ग्राम रायपुर निवासी एक युवक की संदिग्ध स्थिति में लाश पाई गई उसको लेकर जहां क्षेत्र में अनेक प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म होने से नही चूक पा रहा था। मगर इस मामले को लेकर पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना बताते हुये मर्ग कायम करते हुये जांच शुरू की गई है। मगर इसके बाद बीते हुये शनिवार को घटित हुई घटना ने संपूर्ण क्षेत्र से लेकर यहां पर काम करने वाले मजदूरों में सनसनी का महौल निर्मित कर दिया गया है। बताया जाता है कि एनटीपीसी से निकलने वाले राख पहाड़ धसकने के लिये उसकी चपेट में एक ट्रक ड्राईवर सहित पोकलेण्ड मशीन चालक आने से नही बच पाये। घटना के दौरान मौजूद लोगों द्वारा किसी भी प्रकार से मशीन चालक को तो सुरक्षित निकाल लिया गया। मगर ट्रक ड्राईवर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एनटीपीसी से निकलने वाली राख का सैकड़ो डम्फरों में माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। इसी के चलते सागर जिले के बंडा निवासी वीरेन्द्र पिता नन्हे लाल चढ़ार उम्र लगभग 30 वर्ष डम्फर लेकर राख को भरने के लिये आया हुआ था। इसी दौरान राख का ढेर अचानक धसक जाने के चलते डम्फरों में राख भरने वाली पोकलेण्ड मशीन सहित डम्फर चालक उसके नीचे दब जाने के चलते मौके पर मौजूद लोगों द्वारा राख में दबे हुये पोकलेण्ड चालक को तो निकालने में सफलता हासिल कर ली गई। मगर डम्फर चालक को निकालने में देर होने के कारण उसकी राख के अंदर ही मौत हो चुकी थी। मगर जान बचाने की सोच के चलते लोगों द्वारा अपने निजी वाहन में माध्यम से उसे चिकित्सालय लेकर पहुंचे तो डाक्टरों द्वारा मृत घोषित किये जाने के चलते डोगरगांव पुलिस मृत हुये डम्फर चालक का पंचनामा बनाते हुये पोस्ट मार्टम के लिये गाडरवारा शासकीय चिकित्सालय भेजा गया। इस दौरान मृतक के परिजनों सहित ट्रक ड्राईवर संघ द्वारा मृतक साथी को उचित मुआवजा राशि की मांग करते हुये हंगामा खड़ा करने के चलते मृतक का शव पोस्ट मार्टम कार्यालय में कई घंटों तक रखा रहा। वही दूसरी ओर स्थिति को बिगड़ते हुये देख नगर के शासकीय चिकित्सालय में भारी पुलिस बल तैनात हो गया था। मगर नगर निरीक्षक विक्रम रजक व तहसीलदार प्रियंका नेताम तथा डोगरगांव थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा मृतक के परिजनों को समझाईश देते हुये शांत किया गया। वही दूसरी ओर इस बीच राख परिवहन कराने वाली कंपनी के अधिकारियों ने पहुंचकर मृतक की पत्नी व पिता को तुरंत ही 4 लाख 50 हजार रूपया की सहयोग राशि प्रदान करने के बाद वह लोग शव लेने के लिये तैयार हुये। इस तरह घटित हुये घटना के चलते नगर के शासकीय चिकित्सालय में लगभग पांच घंटे तक चलते हंगामे




के बीच मृतक के परिजन शव लेकर अपने गृह जिले सागर के लिये रवाना हुये। इस प्रकार से एनपीपीसी से निकलने वाले राख का परिवहन करने वाले डम्फर मौत का तांडव मचाते हुये देखे जा रहे है उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र के लोग परेशान होने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर इस तरह राख का ढेर गिरने से हुई मौत की घटना ने राख परिवहन की व्यवस्थाओं पर सबाल खड़ कर दिये गये है..? क्योंकि डम्फर ड्राईवर के राख में दबने के बाद उसे निजी वाहन के माध्यम से चिकित्सालय पहुंचाया गया। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या यहां पर एम्बुलेंस की व्यवस्था मौजूद नही थी..? इतना ही नही उम्फर को परिवहन करने वाले डम्फर चालको की मानमानी के नजारे इस तरह दिखाई दे रहे है कि क्षेत्र के सड़को पर वह ओवर लोडिंग करते हुये दौड़ाते हुये देखे जाते है उससे क्षेत्र की सड़को पर राख उड़ने के चलते जहां पर्यावरण को क्षति पहुंचते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर इन डम्फरों की धमाचौकड़ी के चलते आये दिन घटनाये घटित होना आम बात हो चुकी है। इस तरह क्षेत्र में एनटीपीसी की स्थापना क्षेत्रवासियों के लिये सौगात की जगह अभिशाप साबित होने में कोई कसर नही छोड़ रही है..?

# आधा दर्जन से अधिक लोग बगैर लोन लिये ही बन गये सूखाखैरी बैक के कर्जदार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने शिकायत करते हुये उठाई जांच की मांग



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** बैकों द्वारा लोगों को कर्ज दिलाने के नाम पर फर्जीवाडा करने के लिये जिस तरह प्रकार से अपने दलाल पाले गये है उसकी सच्चाई अब ग्रामीण क्षेत्र की बैको में खुलेआम दिखाई देना शुरू हो चुकी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ चीचली क्षेत्र में भी देखने मिली है जहां पर आधा दर्जन से अधिक लोग इस तरह है कि वह कभी न तो बैक गये हुये है और न ही उनके द्वारा किसी भी प्रकार से कोई लोन लिया गया है। मगर इसके बाद भी वह अपने घर बैठे सूखाखैरी बैक के कर्जदार बन चुके है..? इन पीड़ित लोगों को इस सच्चाई की जानकारी जब लगी तब बैक द्वारा इनके पास कर्ज बसूली के लिये नोटिस पहुंचाया तो यह गरीब हैरत में पड़ने से नही चूके और अपने क्षेत्र के नेता सुनीता पटैल के पास आये उन्हें संपूर्ण सच्चाई से अवगत कराया गया। इस तरह सूखाखैरी बैक में हुये फर्जी लोन को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक द्वारा जिला कलेक्टर से लेकर पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन देते हुये जांच की मांग करते हुये गरीबों को न्याय दिलाने की दिलाने को कहा गया है। श्रीमति सुनीता पटैल द्वारा जिला कलेक्टर को दिये गये अपने आवेदन में आरोप लगाते हुये उल्लेखित किया गया है कि ग्राम घाट कामती एवं ग्राम ग्वारी विकास खंड चीचली निवासी आदिवासी अनपढ़ गरीब मजदूर वर्ग के लोगों के साथ चरन लाल व प्रेमलाल निवासी बैरागढ़ द्वारा गुमराह करते हुये उनसे जमीन संबंधी कागज प्राप्त करते हुये सूखाखैरी सेन्ट्रल बैक से इन गरीबों के नाम पर लोन प्राप्त करते हुये संपूर्ण राशि को हड़प लिया गया है। जिला कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक से जांच की मांग की गई है। नामजन लोगों के आलवा अन्य लोग और है जिनके नाम पर इस तरह लोन राशि निकालने की चर्चा सुनी जा रही है..? इस तरह गरीबों के साथ हुये फर्जी बाढे के मामले को लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा अधिकारियों को जांच की मांग करते हुये कहा गया है कि यदि इस मामले की निष्क्षपता से जांच हुई तो निश्चित ही चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी..? वही दूसरी ओर यदि गरीबों के साथ अधिकारियों द्वारा जांच में कोताही बरती गई तो इसके लिये उग्र रूप अपनाने के लिये मजबूर होना पड़ेगा..? इस सच्चाई को लेकर अब सबाल यह पैदा होता है कि जब कोई व्यक्ति किसी बैक से कोई लोन लेता है तो उसे खुद उपस्थित होने के साथ अनेक प्रकार के दस्तावेज प्रदान करने पड़ते है। वही दूसरी ओर बैक में लोन पास करने के लिये नियुक्त किया गया अधिकारी लोन लेने वाले व्यक्ति के घर या फिर जिस जमीन के दस्तावेजों पर लोन लिया जा रहा है उसकी मौके पर पहुंचकर जांच की जाती है। इसके बाद भी बड़ी मुश्किल से लोन प्रदान किया जाता है। मगर यहां पर तो लोगों के बैक जाये बगैर ही जिस तरह बैक द्वारा इन लोगों के नाम पर लोन प्रदान कर लिया गया है। वही एक बड़े फर्जीवाडे की ओर संकेत देने से नही चूक रहा है..? इस मामले में निश्चित तौर से बैक अधिकारियों की मिली भगत होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..? यदि इस मामले की निष्ठा से जांच हुई तो चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है..?



# जनशिक्षा केंद्रों में आयोजित हुआ कक्षा पहली दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों का संवाद

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में प्रतिमाह शनिवार को होने वाले शैक्षिक संवाद का आयोजन चीचली तथा साईखेड़ा विकास खंड के सभी जन शिक्षा केन्द्रों में संपन्न किया गया। बताया जाता है कि उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के शैक्षिक संवाद का अवलोकन बीआरडी के पटेल ने किया। उन्होंने शैक्षिक संवाद के प्राथमिक विभाग के विषय एफएलएन कक्षाओं में मल्टीग्रेड, मल्टीलेवल शिक्षण और संख्या ज्ञान कौशल का विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि शैक्षिक संवाद से शिक्षकों में नेतृत्व गुणों में निखार एवं विषयगत कठिनाइयों का समाधान प्राप्त होता है। शैक्षिक संवाद के प्रभारी सत्यम ताम्रकार तथा सहजकर्ता मन्नालाल पटले, धीरज जसाठी, दीपक मेहरा द्वारा पिछले संवाद के पोस्ट वर्क, प्रतिभागियों की अपेक्षाएं, संवाद के उद्देश्य एवं डिजाइन, शिक्षक संदर्शीका के उपयोग पर चर्चा करने के साथ ही ईएलपीएस तकनीक, कक्षा प्रबंधन, सक्रिय सहभागिता, पोस्ट वर्क तथा फीडबैक पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया जाता है कि विकास खंड चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय चीचली, कठौतिया, सूखाखैरी, तेंदूखेड़ा, करपगांव, शाहपुर, सालेचौका, बारहाबड़ा, कठौतिया तथा साईखेड़ा विकास खंड के कन्या नवीन, आमगांव छोटा, शासकीय आदर्श स्कूल, बम्होरी कला, पलोहा बड़ा, बनवारी, उत्कृष्ट साईंखेड़ा के जन शिक्षा केंद्र में शैक्षिक संवाद का आयोजन जिला मुख्यालय से आये हुये प्रशिक्षित जनशिक्षकों तथा सहजकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसकी मॉनिटरिंग बीआरसी संदीप स्थापक तथा बीएसी अरुण दुबे, मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया द्वारा की गई।



# युवक की मौत पर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** गाडरवारा। समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम घघरौला पटना पुलिया के पास गन्ना से लदे हुये ट्रेक्टर ट्राली के पलटने की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम किया गया हे। घटना के संबंध में ग्राम कौठिया निवासी सुनील पिता परम लाल कहार उम्र 35 साल द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे चाचा ग्यारसी कहार पिता छिद्दामीलाल कहार नि. ग्राम कोठिया गांव के तुलाराम किरार के लाल रंग के महिन्द्रा ट्रेक्टर ट्राली में अपना गन्ना लेकर करेली गुड़ भट्टी पर गन्ना बेचने जा रहे थे मेरे चाचा एवं ट्रेक्टर मालिक तुलाराम ट्रेक्टर में आजू बाजू बैठे थे। ट्रेक्टर गांव का सत्यम किरार चला रहा था मैं भी अपनी मोटर साईकल से अपने घर से ग्राम भौरझिर जा रहा था तभी रास्ते में ग्राम घघरौला में पुलिया के पास गन्ने से भरी ट्राली पलट जाने से मेरे चाचा ग्यारसी कहार की गन्ने के नीचे दब जाने से मृत्यु हो गई है और तुलाराम किरार को भी चोटें आई है ट्रेक्टर चालक सत्यम किरार के द्वारा तेज गति लापरवारी पूर्वक खतरनाक तरीके से ट्रेक्टर चलाने के कारण गन्ने से भरी ट्राली पलटने से चाचा ग्यारसी कहार की मृत्य हुई है। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर किया गया यूनिटी मार्च का आयोजन




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

एक भारत आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में यूनिटी मार्च पैदल एकता यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने किया। जानकारी के अनुसार यात्रा के पूर्व ग्राम बम्होरी में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूती में सरदार पटेल के योगदान को भी अहम माना जाता है। सरदार पटेल का स्थान भारत की अखंडता और राष्ट्रीय एकता के निर्माण में सर्वोपरि है। इस मौके पर ग्राम बम्होरी से बेंड बाजो के साथ देश भक्ति के वातावरण के बीच यूनिटी पैदल यात्रा सोकलपुर तक निकाली गई । इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा व अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। पैदल एकता यात्रा जगह जगह गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया । ग्राम भौरगढ़ में रणजीत सिंह राजपूत ने अपने साथियों के साथ यात्रा का स्वागत किया ।कार्यक्रम में एक भारत आत्मनिर्भर भारत के संदेश को बढ़ावा देकर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में एकता और अखंडता का संदेश दिया गया । एकता यात्रा में शामिल लोग देश भक्ति गीतों के साथ हाथों में तिरंगा लेकर उत्साह के साथ देश भक्ति के नारे लगाते हुए पैदल मार्च कर रहे थे । एकता यात्रा में भाजपा नेता ठाकुर भूपेंद्र सिंह, राजेश जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहरकांत पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह,भाजपा मंडल के अध्यक्ष राजेश पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत ,साईंखेड़ा मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, चीचली मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशीष राजपूत सहित पार्षद आनंद दुबे, रीतेश राय, शुभम राजपूत, मूरत पटेल, लल्ली पटेल, भाजपा नेत्री पूजा तिवारी, सुषमा साहू , राजेश मोहन शर्मा , राव शैलेश सिंह, मनीष अग्रवाल, देवेंद्र पटेल, संदीप पैगवार, शैलेंद्र पटेल, प्रदीप श्रीवास्तव के आलवा अनेक भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामवासी शामिल रहे । मां नर्मदा के तट ग्राम सोकलपुर में मां नर्मदा की पूजा अर्चना के साथ यात्रा का समापन किया गया।

**खबर संक्षेप**

### अजाक्स के प्रदेशाध्यक्ष के बयान से असहमत अजाक्स के जिला संरक्षक

अनूपपुर। अजाक्स कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा अपने संगठन के एक कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के प्रति दिए गए विवादित वक्तव्य की जिले में व्यापक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। अजाक्स कर्मचारी संगठन के जिला अनूपपुर संरक्षक वरिष्ठ कर्मचारी नेता डी.एस. राव ने इस बयान पर कहा कि इस प्रकार का विचार किसी भी समाज के लिए उपयुक्त नहीं है। भारतीय परंपरा और संस्कृति हमेशा माता बहनों एवं सभी वर्गों के सम्मान की शिक्षा देती आई है। यह हमारे संगठन का भी मूल उद्देश्य है। श्री राव ने स्पष्ट कहा कि किसी भी व्यक्ति को समाज के प्रति अपमानजनक या विभाजनकारी वक्तव्य देना किसी भी सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुँचाता है और ऐसी मानसिकता को किसी भी स्थिति में उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि विवाद के बाद प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा सार्वजनिक रूप से इस विषय पर माफी भी मांगी गई है, जो एक सकारात्मक पहल है। श्री राव ने कहा कि हमारा दायित्व समाज को उचित दिशा दिखाना है। सामाजिक हितों के लिए संयमित रूप से अन्याय अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करना नेतृत्व की जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी वाणी और व्यवहार से समाज को जोड़ने का काम करे, न कि उसे बांटने का। इस प्रकार के विचार प्रस्तुत करने से लोगों में गलत संदेश जाता है और समाज में अनावश्यक तनाव उत्पन्न होता है। राव ने सभी संगठनों और पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे संयमित भाषा का उपयोग कर समाज में सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दें। समाज में सौहार्द, सम्मान और भाईचारे की भावना बनाए रखने के उद्देश्य से राव का यह वक्तव्य प्रेरणादायक बताते हुए कई कार्यकर्ताओं ने उनका समर्थन किया।

### स्वास्थ्य केंद्रों का जिपं सीईओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

अनूपपुर। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने कोतमा जनपद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा एवं कोठी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निगरानी व उप स्वास्थ्य केंद्र बहेराबांध का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अलका तिवारी तथा बीएमओ डॉ के एल दीवान सहित अन्य संबंधी जन उपस्थित थे। जिला पंचायत की सीईओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष, डॉक्टर रूम, बाल रोग कक्ष, ऑक्सीजन एवं स्टोर कक्ष के निरीक्षण के साथ स्टाफ तथा दवाईयो की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निगरानी तथा उप स्वास्थ्य केंद्र बहेराबांध का निरीक्षण कर जायजा लिया जिला पंचायत सीईओ ने निरीक्षण के दौरान बीएमओ को शौचालय तथा परिसर की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा के स्टोर कक्ष तथा शौचालय की आवश्यक मरम्मत का कार्य एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने डिजिटल एक्स-रे रूम, टीवी रूम, टीकाकरण कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र, प्रसव कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष, सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चों को पोषण आहार एवं माताओं को नियमित आहार प्रदान किए जाने के निर्देश देते हुए प्रतिदिवस स्वास्थ्य प्रगति की निगरानी के निर्देश दिए।

## लोक उपयोगी लोक अदालत ने मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों को जारी किए नोटिस

# नर्मदा नदी में मिल रहे गंदे नालों पर व्यापारी संघ की याचिका

डिण्डोरी

**डिण्डोरी जिला व्यापारी संघ द्वारा शहर में गंभीर रूप से फैल रहे जल प्रदूषण, सीवेज प्रबंधन की अव्यवस्था तथा नर्मदा नदी में सीधे गंदे नालों के मिल रहे प्रवाह को लेकर जन उपयोगी लोक अदालत, जिला एवं सत्र न्यायालय डिण्डोरी के समक्ष प्रस्तुत याचिका पर न्यायालय ने कड़ा संज्ञान लिया है। न्यायालय ने इस जनहित के मुद्दे को अत्यंत गंभीर मानते हुए मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन, प्रमुख सचिव—नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, आयुक्त—नगरीय प्रशासन और विकास विभाग, कलेक्टर डिण्डोरी, मुख्य नगर परिषद अधिकारी, तथा क्षेत्रीय अधिकारी—प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी कर विस्तृत प्रतिवेदन मांगा है।**





याचिका प्रस्तुत करते समय व्यापारी संघ की ओर से अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, सचिव रत्नेश बिलैया, तथा दुष्यंत पाठक और दीक्षित उपस्थित रहे। उन्होंने न्यायालय को अवगत कराया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलने वाला दूषित एवं बदबूदार जल बिना किसी वैज्ञानिक उपचार के सीधे माँ नर्मदा नदी में पहुँच रहा है। चूँकि नर्मदा डिण्डोरी नगर का मुख्य पेयजल स्रोत है, इसलिए यह स्थिति न केवल पर्यावरणीय संकट है बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों—विशेषकर स्वच्छ जल एवं स्वास्थ्य के अधिकार—का स्पष्ट उल्लंघन भी है। व्यापारी संघ ने अपनी याचिका में नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे सीवेज प्रोजेक्ट में गंभीर तकनीकी अनियमितताओं की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है। संघ के अनुसार परियोजना संचालित करने वाली एजेंसी द्वारा मानक के विपरीत 4 इंच व्यास की पतली पाइपलाइन का उपयोग किया जा रहा है। यह कम क्षमता की पाइपलाइन बार-बार जाम, सीवेज ओवरफ्लो और आसपास की सड़कों के कटाव का कारण बन रही है। इससे न केवल स्वास्थ्य जोखिम बढ़ रहा है बल्कि शहर के कई क्षेत्रों में दूषित जल फैलने की स्थिति बन गई है।

याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि सीवर लाइन बिछाने के नाम पर शहर के कई वार्डों की सड़कें अत्यधिक क्षतिग्रस्त कर दी गई हैं, जिन पर बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई मिट्टी और अनियमित खुदाई के चलते नागरिकों के आवागमन में अत्यधिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है। स्कूली बच्चों, दोपहिया चालकों तथा व्यापारियों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से परेशान करने वाली हो गई है। आरोप है कि परिषद में बैठे संबंधित अधिकारी इन समस्याओं के समाधान के लिए अपेक्षित कार्यवाही करने से लगातार परहेज़ कर रहे हैं, जिससे नागरिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।अधिवक्ता सम्यक जैन एवं के.के. सोनी द्वारा दायर याचिका में यह भी कहा गया है कि नगर का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट अपेक्षित क्षमता से संचालित नहीं हो रहा है। दूषित जल को उपचारित करने, डायवर्ट करने तथा सुरक्षित निस्तारण के प्रभावी तंत्र की अनुपस्थिति के कारण बिना उपचारित गंदा पानी सीधे नर्मदा नदी में पहुँच रहा है, जिससे नदी की पवित्रता, पर्यावरण और पेयजल गुणवत्ता पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

व्यापारी संघ ने न्यायालय से माँग की है कि नर्मदा नदी में मिल रहे सभी गंदे नालों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, दोषपूर्ण सीवेज प्रोजेक्ट की तकनीकी जाँच करायी जाए, मानक-विपरीत बिछाई गई पाइपलाइन को हटाकर उपयुक्त पाइपलाइन लगाई जाए, तथा क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण तत्काल किया जाए। साथ ही सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्ण क्षमता पर संचालित करने और नगर परिषद अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की भी प्रार्थना की गई है।

न्यायालय द्वारा शीर्ष स्तर के अधिकारियों को नोटिस जारी होने के बाद यह मामला अब प्रशासनिक हलकों में भी गंभीरता से उठने लगा है। व्यापारी संघ ने उम्मीद जताई है कि न्यायालय के हस्तक्षेप से नर्मदा नदी की पवित्रता संरक्षित होगी और शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल एवं सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध होगा।

## व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा विशाल आंदोलन



**डिंडोरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 100 दिन का रोजगार न मिलने, मजदूरी भुगतान में लगातार देरी, सामग्री मद में लंबित राशि और हर वर्ष करोड़ों रुपये लेप्स होने जैसी समस्याओं को लेकर मंगलवार को रेस्ट हाउस में जिले के सरपंचों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक ओमकार मरकाम ने की।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि इन समस्याओं का त्वरित निराकरण शासन एवं प्रशासन स्तर पर नहीं किया जाता है, तो जिला मुख्यालय में मनरेगा से जुड़ी मांगों को लेकर बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में मनरेगा गरीब एवं ग्रामीण परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार है। काम न मिलने के कारण बड़ी संख्या में मजदूरों का पलायन होता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और भी प्रभावित होती है। सरपंचों ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं होता, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## भारतीय जनता पार्टी के दिवंगत नेता विष्णु प्रसाद अवधिया को समस्त कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



शहपुरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा में आज दिवंगत वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी श्री विष्णु प्रसाद अवधिया जी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। देवतुल्य, परम पूज्य और सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक रहे अवधिया जी के अचानक निधन से संगठन में गहरा शोक व्याप्त है। सभा में मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि अवधिया जी के निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है, जिसे कभी भरा नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि सभा में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे,श्याम गुप्ता, कमल अग्रवाल, मनोहर सोनी, ज्ञानदीप त्रिपाठी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने दिवंगत नेता की जीवनी, उनके राजनीतिक योगदान और संगठन के प्रति उनके समर्पण भाव को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अवधिया जी हमेशा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते रहे और सामाजिक समरसता के लिए निरंतर कार्य करते रहे।

## जादू नहीं विज्ञान है जिला स्तरीय प्रतियोगिता में समनापुर प्रथम, बच्चों ने विज्ञान के प्रयोगों से जीता दिल

**डिंडोरी न्यूज़।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मार्गदर्शन में आज जादू नहीं विज्ञान है, समझना समझाना आसान है जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से चयनित विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए अपने वैज्ञानिक कौशल और प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान विकासखंड समनापुर, द्वितीय स्थान विकासखंड डिंडोरी तथा तृतीय स्थान विकासखंड शाहपुरा ने प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाना, विज्ञान का भय दूर करना और समाज में प्रचलित अंधविश्वास को वैज्ञानिक तर्कों से समझाना है। 'आग हथेली पर रखने से क्यों जलती है' या 'नारियल से आग कैसे उत्पन्न होती है' जैसे प्रयोगों के माध्यम से बच्चों ने विज्ञान को रोचक तरीके से समझाया।

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय डिंडोरी एवं नोडल अधिकारी प्राचार्य, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रयपुरा के संयुक्त प्रयास से किया गया। आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने वालों में आलोक कुमार जैन (प्राचार्य), छविलाल नागेश, श्रीमती पुष्पा धुर्वे, अजय चंदेल, रविविकास पटेरिया, राधामधुरी संत, श्रीमती गंगेश्वरी धूमकेतु, सुश्री संगीता कांस्कार, श्री प्रमोद गवले, हरी सुमित नागेश, नीरज बिल्थरे, रानू कमलेश, शौफिका आज़मी एवं विद्यालय परिवार सहित सभी सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बच्चों के उत्साह और विज्ञान के प्रति उनकी समझ को नई दिशा दी, जिससे यह आयोजन पूर्णतः सफल और प्रेरणादायी साबित हुआ।

## ठक्कर बापा जयंती पर बोंदर में विशाल मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**डिंडौरी न्यूज।** मध्यप्रदेश वनवासी सेवा मंडल के संस्थापक ठक्कर बापा की 156वीं जयंती समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत बोंदर के हायर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पहुँचने पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह का फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### विद्यालय एवं छात्रावास का किया अवलोकन

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान बनवासी सेवा मंडल के अध्यक्ष श्री अशोक अवधिया, सचिव श्री हीरालाल बड़गैया, श्री कैलाशचंद जैन, श्री एच.एन. प्रजापति, श्री हरिओम चौकसे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, श्रीमती फूलकली मरावी, जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, श्री महेश धूमकेती, एवं सरपंच श्री अजय मरकाम, एसडीओपी श्री सतीश द्विवेदी, थाना प्रभारी गाडासरई श्री गिरवर सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर ने छात्रावास का भी निरीक्षण कर बच्चों की सुविधाओं का जायजा लिया। ठक्कर बापा जयंती के अवसर पर आयोजित विशाल मेला का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण कर अवलोकन किया। स्थानीय दुकानदारों एवं व्यापारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने आवश्यक जानकारी ली तथा मेले की व्यवस्थाओं को सुदृढ करने की सरपंच,




सचिव एवं स्थानीय समिति को आवश्यक निर्देश दिए। मेला के सुव्यवस्थित संचालन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉक्टर एवं स्वास्थ्य स्टाफ सहित एक स्वास्थ्य प्रदर्शनी एवं सहायता केंद्र स्थापित किया गया।मेला अवधि के दौरान किसी भी आमजन, दुकानदार या व्यापारी की अचानक तबीयत बिगड़ने पर वे तत्काल उपस्थित डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों से उपचार प्राप्त कर सकेंगे।

कलेक्टर ने मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु एसडीएम बजाग, बोंदर सरपंच और थाना प्रभारी गाड़ासरई को आवश्यक निर्देश भी दिए, ताकि आने-जाने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा न हो। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी आमजन से आग्रह किया कि वे शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेले का आनंद लें तथा स्थानीय व्यंजनों, झूलों, मिठाइयों और वस्तुओं का लुत्फ उठाएँ।

# कोयला व लिग्नाइट की खोज में प्राइवेट कंपनियों की एंट्री

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** कोयले की खोज और खनन के लिए प्लान एवं डिजाइन का कार्य अब निजी कंपनियां भी करेंगी। कोयला मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर 18 कंपनियों को इसके लिए अधिकृत किया है। वर्तमान में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआइएल) देश की एकमात्र सरकारी एजेंसी है, जो कोयले की खोज और खनन के लिए प्लान एवं डिजाइन कर रही है। सीएमपीडीआइएल का गठन 1973 में किया गया था। केंद्र सरकार ने अब इस क्षेत्र में निजी सेक्टर की एंट्री करा दी है। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे प्रावधान के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय गुणवत्ता परिषद- राष्ट्रीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त निजी संस्थाओं को 26 नवंबर को मान्यता प्राप्त पूर्वेक्षण एजेंसियों के रूप में अधिसूचित किया गया है। इससे कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए 18 और एजेंसियां जुड़ जायेंगी, जिससे कोयला ब्लॉक आवंटियों को कोयला और लिग्नाइट की खोज के लिए इन एजेंसियों को नियुक्त करने में अधिक विकल्प मिलेगा. कोयला खदान के संचालन के लिए भूगर्भीय रिपोर्ट का अन्वेषण और तैयारी एक पूर्व शर्त है। इन अन्वेषण एजेंसियों के जुड़ने से लगभग छह महीने का समय बचेगा, जो पहले एजेंसी द्वारा लाइसेंस प्राप्त करने में लगता था। अधिकृत संभावित एजेंसियों के समूह का विस्तार करके सरकार निजी क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग करना और अन्वेषण में दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना चाहती है। अधिकृत संभावित एजेंसियों के समूह का विस्तार करके, सरकार निजी क्षेत्र के संसाधनों का उपयोग करना और अन्वेषण में दक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना चाहती है।

### निर्देश के बावजूद स्वास्थ्य केंद्रों मे मरीजों को नहीं मिल रहे कंबल



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के बिजुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में कड़ाके की ठंड के बावजूद मरीजों को चादर और कंबल नहीं दिए जाने का आरोप है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति केवल बिजुरी तक सीमित नहीं है। जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और यहां तक कि जिला चिकित्सालय में भी मरीजों को कड़ाके की ठंड में कंबल नहीं मिलने की शिकायतें हैं। इस मामले पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ब्डभ्व) अलका तिवारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि उन्होंने कोतमा, बिजुरी और कोठी निगवानी सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया है। मरीजों को कंबल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**बजाग में रोजगार मेला व कल्याणकारी शिविर—ग्रामीणों में दिखा उत्साह**

## एक ही स्थल पर 812 ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

डिंडौरी न्यूज

आकांक्षी विकासखंड बजाग में शनिवार को लोक कल्याणकारी शिविर सह रोजगार मेले का आयोजन किया गया। बैगाचक क्षेत्र में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएँ, रोजगार अवसर और विभागीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई।



शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओमकार मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जनपद अध्यक्ष फूलकली मरावी, हीरा रूद्रेश परस्ते, जनपद उपाध्यक्ष राधेश्याम कुशराम, जनपद सदस्य लोकेश पटेरिया, सुधीर दत्त तिवारी, नरेन्द्र पटेरिया जिला प्रशासन से कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भारत माता के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शिविर में कुल 827 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 812 हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया तथा 15 हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा में लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही सांकेतिक लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कलेक्टर ने बताया कि डिण्डौरी जिला एक जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है जहां पर शासन की योजनाओं का बेहतर से बेहतर आम जनता को पहुंचाने के लिए प्रत्येक शनिवार को जनपद स्तर पर लोक कल्याणकारी शिविर एवं स्वरोजगार मेला आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उनके द्वार पर ही उपलब्ध कराया जा सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागवार आवेदनों में सामाजिक न्याय विभाग के 8, श्रम विभाग के 2, स्वच्छ भारत के 2, पंचायत विभाग के 6, खाद्यान्न विभाग के 2, एसआईएस अनुपपुर के 5, महिला एवं बाल विकास विभाग के 106, उद्यानिकी विभाग के 4, ग्रामीण आजीविका मिशन आईटीआई के 9, पशु चिकित्सा विभाग के 18, जनजातीय कार्य विभाग के 24 एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य परीक्षण 19, टीबी जांच 17, बीपी 101, एचबी एनीमिया 123, सिकिल सेल 32, सुगर 110, एक्सरे 91, नेत्र जांच 68, परामर्श सेवाऐं 57 बाल स्वास्थ्य 23 सहित 641 आवेदन कुल 827 आवेदन प्राप्त हुए हैं। शिविर में जनसभा को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी स्वयं गांव में पहुँचकर ग्रामीणों की समस्याएँ सुन रहे हैं और योजनाओं का लाभ प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने अधिक से अधिक ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील की। विधायक ओमकार मरकाम ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र का विकास तेजी से आगे बढ़ेगा, इसलिए सभी को योजनाओं का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। हम सब मिलकर सहयोग करें तभी जिला, प्रदेश एवं देश का विकास संभव होगा। कार्यक्रम में किसान श्री ओमप्रकाश राय को सुपर सीडर हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**गोटेगांव।** विगतदिवस समीपवर्ती सूरवारी गांव में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी की संयुक्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मध्यप्रदेश में होने रहे एसआईआर के कार्य पर विशेष नजर रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए है। इस बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, जिला प्रभारी आलोक मिश्रा, विधानसभा प्रभारी विवेक अवस्थी, लाखनसिंह पटेल सहित संगठन से जुड़े हुए कांग्रेस जनों की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में संगठन को मजबूत करने की दिशा में भी विशेष रूप से विचार विमर्श किया गया है। वहीं मतदान केन्द्रों पर पार्टी के बीएलओं बैठक में मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. वी. सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम देवरी कला में वित्तीय जागरूकता, स्वच्छता अभियान नशा मुक्ति जैसे विभिन्न विषयों पर जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक, जनसम्पर्क, का आयोजन कर लोगों को साइबर सुरक्षा, एवं स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एस. मर्सकोले, सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रीति कौरव एवं शिक्षिका श्रीमती ममता नामदेव उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य परीक्षा शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस रेलवे जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त संबंध डाक्टर आर आर कुर्रे द्वारा बताया गया कि रेलवे कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे उचित आहार लेने की सलाह दी गई उसके उपरांत स्टेशन परिसर मे गरीबों को कंबल वितरित किए गए। उक्त मौके पर स्टेशन मास्टर सुनील जाट सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### बैनगंगा नदी राम घाट पर होंगे विभिन्न आयोजन

**छपारा।** पतित पावन मां बैनगंगा नदी के लक्ष्मी नारायण मंदिर से लगे राम घाट पर एक दिसम्बर मोक्षदा एकादशी के मौके पर विभिन्न आयोजन की तैयारी जारी है। ज्ञात हो कि विगत दो वर्षों से हर महीने पड़ने वाली एकादशी पर नगर के मां बैनगंगा महाआरती समिति द्वारा महा आरती का आयोजन जारी है।

### प्रतिभागी को मिलेगी पहचान, पर्यटन की होगी खोज

# फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन कल से

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले मे एक दिसंबर से आयोजित होने वाली फोटोग्राफी प्रतियोगिता से जिले की नवीन पर्यटनों की खोज एवं नए कलाकारों को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा। उक्त प्रतियोगिता से कई प्रकार की संभावनाएं जागृत हो रही है। फोटोग्राफी के क्षेत्र मे कार्य करने वाले फोटोग्राफरों के लिए सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। ज्ञात हो कि वर्तमान युग में फोटोग्राफी के क्षेत्र मे काफी प्रतिस्पर्धा है फोटोग्राफरों के समक्ष नित नई चुनौतियों की बीच कार्य करना होता है। आज के दौर में फोटोग्राफी बड़ी चुनौतियों का कार्य हो गया। वही ऐसे आयोजन से उनकी फोटोग्राफी को नई पहचान मिलेगी।



### कल से प्रारंभ होगी प्रतियोगिता

जिले के पर्यटक, विरासत एवं पुरातत्व महत्व के स्थलों, स्मारकों, प्राकृतिक संरचनाओं, वन, नदियों, जलप्रपात, राष्ट्रीय उद्यान, गुफाओं, धार्मिक स्थल के फोटोग्राफ का लोकेशन डाटाबेस तैयार करने एवं प्रतिभावान फोटोग्राफरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले में नरसिंहपुर फोटोग्राफी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद- डीएटीसीसी नरसिंहपुर के माध्यम से एक दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाईन आयोजित की जा रही है। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में समस्त प्रविष्टियां दिए गए गूगल फार्म के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

### जिले के निवासी ही ले सकेंगे भाग

फोटोग्राफी प्रतियोगिता में जिले के निवासी ही भाग ले सकेगें। प्रतियोगिता में सभी वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। कोई भी फोटोग्राफर, नागरिक, पर्यटक, विद्यार्थी जो फोटोग्राफी में रूचि रखते हों, ऑनलाईन पंजीयन कराकर फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।



फोटोग्राफी प्रतियोगिता में निःशुल्क भाग लिया जावेगा। एक प्रतिभागी सभी श्रेणी में भाग ले सकता है। प्रतियोगिता में 10 श्रेणियों में फोटोग्राफ्स आमंत्रित किये जावेंगे, जिनमें वन एवं वन्य जीवन, नदियां एवं जल संरचनाएं, पर्वत एवं घाटियाँ, सांस्कृतिक एवं विरासत स्थल, प्रकृति पथ, संग्रहालय, धार्मिक स्थल, स्थानीय भोजन एवं व्यंजन, मेले एवं त्यौहार और पर्यटन स्थल, होम स्टे, फार्म स्टे शामिल हैं। प्रतिभागी किसी एक श्रेणी में अधिकतम एक फोटोग्राफ अपलोड कर सकेगा। एक से अधिक श्रेणी में भाग लेने के लिए फिर से फार्म भरना पड़ेगा।

### नियमों को करना होगा पालन

प्रत्येक फोटोग्राफ की साईज न्यूनतम दो एमबी और अधिकतम 25 एमबी और उच्च गुणवत्ता में जेपीईजी या पीएनजी फार्मेट में होना चाहिए। फोटोग्राफ उक्त श्रेणी के जिले के स्थलों के ही होना चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान प्राप्त फोटो में अनुचित आक्रामक, उत्तेजक, नग्नता, हिंसा, मानव अधिकार का उल्लंघन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक उल्लंघन एवं कानून के विपरित फोटोग्राफ नहीं होना चाहिए। प्रतिभागियों द्वारा वास्तविक फोटोग्राफ एवं फोटो का संक्षिप्त विवरण अधिकतम 50 शब्द में ही प्रस्तुत किये जाये। किसी भी प्रकार की कॉपीराईट, कान्ट्रेक्ट एक्ट का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। प्रतियोगिता के जिला स्तरीय पुरस्कारों के निर्णय के लिए कलेक्टर के द्वारा विषय विशेषज्ञ को शामिल करते हुए तीन निर्णायक की एक समिति बनाई जायेगी, जो सभी श्रेणीयों में निर्णय करेगी, जिसका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। सभी विजेताओं के नाम की घोषणा जिले में एक साथ एक ही तिथि में की जावेगी। जिला स्तर पर विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि तथा प्रमाण पत्र सम्मान व समारोह पूर्वक प्रदान किये जावेगे।

# विहिप के ज्ञापन के बाद एफआईआर दर्ज, आरक्षक लाइन अटैच



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं एवं पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी। ज्ञापन में बताया गया कि चीचली निवासी एक महिला जो विगत एक साल से लव जिहाद के मामले में एफआईआर लिखवाने के लिए थाने के चक्कर लगा रही है। उसकी कहीं पर सुनवाई नहीं हुई इसके बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा महिला के सहयोग में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन दिया गया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला थाने में गढ़ा निवासी उसके पति गुलाम नामी शेख, शमीम बानो, मोहम्मद, फरीम नाज, शेख हबीव, फिरोज बानो के ऊपर मामला दर्ज किया गया। आवेदन मे पीड़िता द्वारा उल्लेख किया गया कि पति व उनके परिजनों से लगातार जानमाल का खतरा बना हुआ है लगभग 17 वर्ष पूर्व मेरा विवाह नवी खान से हुआ था उसने स्वयं को हिन्दू राजपूत बताकर हिन्दू रीति रिवाज से विवाह किया था बाद में मुझे ज्ञात हुआ कि वह मुस्लिम समुदाय से है। मैंनें सामाजिक मर्यादाओं और बच्चों की खातिर विवाह को निभाने का प्रयास किया इस दौरान मुझे दो बच्चे भी हो गये किन्तु विगत कुछ वर्षों से वह लगातार मेरा मानसिक, शारीरिक व धार्मिक उत्पीड़न कर रहा है तथा अनावेदकगण मुझे जबरन धर्म परिवर्तन करने के लिए बाध्य करते है मेरी अनुमति के बिना मेरे नाम के सभी दस्तावेजों में बदल दिया गया इसके अतिरिक्त मेरे पति ने स्वीकार किया है कि अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध है जब मैंने यह बात उनके परिवार वालों के सामने रखी तो मेरे पति ने मुझे 3 बार तलाक-तलाक बोलकर छोड़ दिया और कहा कि यदि मुझे फिर से अपना है तो पहले मेरे पिता या बड़े भाई से निकाह हलाला कराना होगा। इस प्रकार की अमानवीय बातों से मानसिक परेशानी उत्पन्न हो रही है। उक्त मामले को लेकर महिला थाना में पदस्थ आरक्षक समसुनिसा राजीनामा का दवाव बनाने पर पुलिस अधीक्षक ने लाइन अटैच किया गया।

## सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस एस.टी.सी. संभाग सहायक लाइन परिचालक (एस.टी.एस.) के पद पर कार्यरत प्रेमनारायण शर्मा को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। श्री शर्मा ने अपने कार्यकाल में अत्यंत लगन, ईमानदारी और कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिसके लिए उन्हें विभाग में उच्च सम्मान प्राप्त रहा। अधिकारियों और सहकर्मियों कनिष्ठ अभियंता रुपाली आदि ने श्री शर्मा को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट कर उनके स्वस्थ और सुखमय आगामी जीवन की कामना की। उक्त अवसर पर एस.टी.सी. संभाग नरसिंहपुर के समस्त अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।




## आचार्य अभ्यास वर्ग में पहुंचे पूर्व मंत्री

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** एकल अभियान अंचल नरसिंहपुर के संच केंद्र बरमान स्थित गोपाल भवन में चल रहे चार सचों के पाँच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग के तीसरे दिन पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने वर्ग स्थल पर पहुँचकर उपस्थित सभी आचार्यों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएँ दीं तथा उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने आचार्यों को मार्गदर्शन प्रदान किया और सभी को सम्मानित किया गया। अंचल अध्यक्ष सूर्यप्रकाश स्वामी ने ग्रामीण क्षेत्रों से प्रशिक्षण हेतु आए आचार्यों को प्राथमिक शिक्षा में पढ़ाए जाने वाले सात विषयों देशभक्ति, प्राथमिक शिक्षा, गणित, सामान्य ज्ञान, विज्ञान, स्वास्थ्य-शारीरिक शिक्षा तथा संस्कार-हस्तशिल्प के महत्व को विस्तार से समझाया। साथ ही बच्चों को इन विषयों की सरल और रोचक शिक्षा देने के प्रभावी तरीके भी बताए। अंचल सचिव प्रशांत तिवारी ने पंचमुखी शिक्षा के पाँच प्रमुख पक्ष - प्राथमिक शिक्षा,आरोग्य शिक्षा, ग्राम विकास शिक्षा, जागरण शिक्षा तथा संस्कार शिक्षा का सविस्तार वर्णन करते हुए आचार्यों को इनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम में ब्रजेश मेहरा, सीताराम नोरिया, गोविंद नौरिया, संच व्यास राकेश कुमार ढाकरे, कृष्णकांत, अनिकेत तथा कार्यालय सहायक शिवकुमार सहित सभी आचार्य उपस्थित रहे।



## कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य जी. एस. पटैल के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सुशील भार्गव, सहयोगी इंजीनियर योगेश द्वारा अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्यो की प्राप्ति हेतु एवं परीक्षाओं में अच्छा परिणाम लाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ सुशील भार्गव ने छात्र-छात्राओं को सफलता के 4 मूल मंत्र बताए श्वास, विश्वास, दृढ़संकल्प, स्वयं की प्रशंसा। आगे अपने उद्बोधन में बताते हुए कहा कि जीवन में सबसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठा है यदि आप अच्छे पद पर है, अच्छे व्यवसाही हैं तो समाज में आपका सम्मान बढता है और आपके माता-पिता और गुरूजनों का सम्मान बढता है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अपने शिक्षकों का कहना मानकर अध्यापन करें। परीक्षा का समय पास होने के कारण विद्यार्थी अपना पूरा ध्यान पढाई में लगाकर समय का सदुपयोग करें।



# प्रधान न्यायाधीश ने केंद्रीय जेल का किया निरीक्षण, बंदियों से की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला ने जिले की केंद्रीय जेल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बंदियों की समस्याओं को समझना और जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लेना था।निरीक्षण के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने विभिन्न बैरकों का बारीकी से अवलोकन किया और बंदियों से वन-टू-वन चर्चा की। उन्होंने बंदियों से उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधान न्यायाधीश ने जेल के भोजन कक्ष, चिकित्सालय, मुलाकात कक्ष और रहने-खाने संबंधी अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



उन्होंने इन व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके साथ ही, बंदियों से मुलाकात कर उनकी अपील संबंधी जानकारियाँ ली गईं और उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने जैसे कानूनी प्रावधानों के बारे में भी अवगत कराया गया।विशेष ध्यान उन बंदियों पर दिया गया, जो अपनी सजा पूरी होने के बावजूद जेल में निरुद्ध हैं। उनका उद्देश्य था कि उनकी रिहाई से संबंधित विधिक प्रक्रियाएँ शीघ्र पूर्ण की जाएँ। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण में प्रधान न्यायाधीश अखिलेश शुक्ला के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राकेश सनोडिया, जिला दंडाधिकारी राधाकृष्ण यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश मीणा और जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश सक्सेना उपस्थित थे।

# गोटेगांव-नरसिंहपुर मार्ग पर टोल वसूली से भड़का जन आक्रोश

### बदहाल सड़क, गड्ढों में तब्दील मार्ग - फिर भी जारी वसूली

**गोटेगांव।** गोटेगांव से नरसिंहपुर के बीच स्थित मुख्य मार्ग पर इन दिनों टोल वसूली ने स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों में भारी नाराज़गी पैदा कर दी है। जानकारी के अनुसार, टोल वसूली मुख्यतः लोडिंग वाहनों, ट्रकों और अन्य भारी वाहनों से की जा रही है, लेकिन सड़क की अत्यंत जर्जर स्थिति को देखते हुए जनता इस वसूली को बिल्कुल भी उचित नहीं मान रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल वसूली का मूल उद्देश्य बेहतर, सुरक्षित और सुगम सड़क सुविधा प्रदान करना होता है, जबकि गोटेगांव से नरसिंहपुर मार्ग इसकी ठीक उलट तस्वीर पेश करता है। मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी हुई सड़क सतह और कई स्थानों पर अधूरा निर्माण कार्य स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

इन स्थितियों के कारण विशेषकर भारी वाहनों को प्रतिदिन आवागमन में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने बताया कि बरसात के दौरान यह समस्या और भी विकराल हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। लोगों का स्पष्ट कहना है कि जब तक सड़क पूरी तरह से दुरुस्त और सुरक्षित नहीं हो जाती, तब तक किसी भी प्रकार की टोल वसूली को अन्यायपूर्ण माना जाना चाहिए।

स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने प्रशासन से सड़क की शीघ्र मरम्मत कराए जाने तथा निर्माण कार्य की ईमानदार और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि यात्रियों को उनके शुल्क के बदले सुरक्षित और सुगम मार्ग की सुविधा मिल सके।

# तेज रफ्तार वाहनों से बढ़ा मौत का खतरा, ग्रामीणों ने मांगी सुरक्षा व्यवस्था



### कमोद ग्रामवासियों ने की स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

**गोटेगांव।** गोटेगांव से सांकल की ओर जाने वाले मुख्य कंक्रीट मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत कमोद का क्षेत्र अब तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। गांव के बीच से गुजरने वाले इस व्यस्त मार्ग पर दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से इस मार्ग का पक्का निर्माण हुआ है, तब से सैकड़ों वाहन बेधड़क और अत्यधिक गति से गांव के भीतर से गुजर रहे हैं। सड़क किनारे बसे लोगों के लिए यह मार्ग अब बेहद खतरनाक हो गया है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं के लिए यह किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता है। कमोद के निवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस गंभीर खतरे को देखते हुए मार्ग पर तत्काल प्रभाव से स्पीड ब्रेकर लगवाए जाएं, ताकि वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार पर अंकुश लगाया जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने इस क्षेत्र को एक्सीडेंट ज़ोन घोषित कर चेतावनी और संकेतक बोर्ड लगाने की भी अपील की है, ताकि वाहन चालक समय रहते सतर्क हो सकें। गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों ने सडक निर्माण एर्जेसियों और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नई सड़कों के निर्माण के समय सुरक्षा के आवश्यक उपाय क्यों नहीं किए जाते हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे अपनी और अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा के लिए जन आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला केवल सड़क सुरक्षा का नहीं, बल्कि उनके जीवन से जुड़ा एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है।

# दलालों का बोलबाला

**राशन दुकानों में हो रही कालाबाजारी एवं दलालों की सक्रियता से उपभोक्ता परेशान**

### राशनधारियों ने अधिकारियों से ध्यान आकर्षित कर कार्यवाही करने की मांग

**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के सरकारी उचित मूल्य की दुकानों पर वितरण प्रक्रिया में अनियमितताओं के साथ- साथ अब कालाबाजारी की समस्या भी बढ़ती नजर आ रही है। राशनधारी का आरोप है कि राशन दुकानों पर दलालों का डेरा बना रहता है, संपूर्ण नगर क्षेत्र ग्रामीण की राशन दुकानों में दलालों का बोलबाला है जो राशनधारियों से सस्ते दामों पर राशन खरीदकर उसे ऊंचे दामों पर बेच देते हैं। दलालों की कालाबाजारी जारी - वहीं कुछ राशनधारी ने बताया कि जैसे ही वे सरकारी दुकान से अपना राशन लेते हैं, दलाल तुरंत संपर्क करते हैं और उनसे कम दाम में राशन खरीदने का दबाव बनाते हैं। गरीब और जरूरतमंद लोग, जो आर्थिक मजबूरी के कारण नगद पैसों की आवश्यकता में रहते हैं, अक्सर इन दलालों के चंगुल में फंस जाते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि बाजार में इस राशन की कालाबाजारी हो रही है, और जरूरतमंदों तक राशन पहुंचने का उद्देश्य विफल हो रहा है।राशनधारी की शिकायत एक राशनधारी ने बताया, हमारे पास राशन तो मिलता है, लेकिन कभी-कभी पैसे की तंगी की वजह से हम उसे बेचने पर मजबूर हो जाते हैं। दलाल इसे कम दाम पर खरीदते हैं और बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफा प्रकर मुनाफा कमाते हैं।

कुछ अधिकारी और तुलैया राशन की कालाबाजारी में लिप्त यह समस्या न केवल जरूरतमंदों के हक को छीन रही है बल्कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी सवाल खड़ा कर रही है। एक विश्वास सूत्र ने नाम ना छापने की शर्त पर चौंकाने वाला खुलासा किया बताया कि कई राशन केंद्र में तो स्वयं राशन की सप्लाई करने वाले अधिकारी और तुलैया, ही गरीबों का राशन खरीद रहे हैं। वही बाहर खड़े दलालों को राशन बोरी में भरकर देना पड़ता है, लेकिन राशन कालाबाजारी में लिप्त यह अधिकारी गरीब राशन धारी से सिर्फ राशन की पर्ची लेकर और पैसे देकर राशनधारी को चलता कर डबल मुनाफा कमा रहे हैं, इसके बावजूद प्रशासन इस ओर कोई सख्त कदम नहीं उठा रहा है, जिससे यह मुद्दा नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है, कालाबाजारी रोकने की मांग, राशनधारी और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की- राशन वितरण प्रक्रिया पर सख्त निगरानी रखी जाए, दुकानों के बाहर सक्रिय दलालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, जरूरतमंदों को नकद सहायता देने के लिए वैकल्पिक योजनाएं शुरू की जाएं, राशन केंद्र पर कुछ अधिकारी और तुलैया राशन की कालाबाजारी में लिप्त है उनकी जांच कर कार्रवाई की जाए, प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करे और उचित मूल्य की दुकानों को दलालों के प्रभाव से मुक्त कराए, ताकि गरीब और जरूरतमंदों को इस योजना का वास्तविक लाभ मिले और जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान दें। ताकि उपभोक्ताओं के लिए अधिकारियों का यह कदम नया उचित होगा।